संख्या-127जेएल/22-3-2023-जेएल114/23-ई-1667918

प्रेषक,

सुरेश कुमार पाण्डेय,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3 लखनऊः दिनांकः 14 मार्च, 2023

विषयः- जनहित याचिका संख्या-2357/1997 बच्चे लाल बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य में पारित मा0 उच्च न्यायालय के आदेशों के परिप्रेक्ष्य में प्रदेश की 14 अति ओवरक्राउडेड जिला कारागारों में निरूद्ध सिद्धदोष पुरूष बंदियों को अन्य जिला कारागारों में स्थानांतरित किया जाना।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उप महानिरीक्षक (मु0), कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या-4326/सामा-1 (7/8)/बच्चे लाल/ओ0क्रा0/2023, दिनांक 09-02-2023 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा जनहित याचिका संख्या-2357/1997 बच्चे लाल बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य में पारित मा0 उच्च न्यायालय के आदेशों के परिप्रेक्ष्य में प्रदेश की 14 अति ओवरक्राउडेड जिला कारागारों में निरूद्ध 3847 सिद्धदोष पुरूष बंदियों को विभिन्न जिला कारागारों में स्थानांतरित किये जाने के सम्बन्ध में लिये गये निर्णय से अवगत कराये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- प्रश्नगत प्रकरण में पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उत्तर प्रदेश द्वारा किये गये अनुरोध के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त प्रदेश की 14 जिला कारागारों में ओवरक्राउडिंग की समस्या के निराकरण हेतु निम्नलिखित तालिका के कॉलम-2 में उल्लिखित जिला कारागारों के कॉलम-3 में उल्लिखित सिद्धदोष पुरूष बंदियों को उनके सम्मुख अंकित कॉलम-4 की जिला कारागारों में स्थानांतरित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है:-

क्र0	कारागार का नाम	कुल सिद्धदोष पुरूष बंदियों की संख्या	प्रस्तावित कारागार का नाम
1	2	3	4
1	जिला कारागार, गाजियाबाद	537	जिला कारागार, गौतमबुद्धनगर
2	जिला कारागार, बुलन्दशहर	504	जिला कारागार, गौतमबुद्धनगर
3	जिला कारागार, सहारनपुर	258	जिला कारागार, गौतमबुद्धनगर
4	जिला कारागार, मुजफ्फरनगर	317	जिला कारागार, गौतमबुद्धनगर
5	जिला कारागार, झाँसी	252	जिला कारागार, चित्रकूट
6	जिला कारागार, उरई	194	जिला कारागार, चित्रकूट
7	जिला कारागार, ललितपुर	31	जिला कारागार, चित्रकूट
8	जिला कारागार, बहराइच	241	जिला कारागार, सिद्धार्थनगर
9	जिला कारागार, गोण्डा	249	जिला कारागार, संतकबीरनगर
10	जिला कारागार, गोरखपुर	327	जिला कारागार, मऊ
11	जिला कारागार, देवरिया	71	जिला कारागार, मऊ
12	जिला कारागार, आजमगढ़	385	जिला कारागार, संतकबीरनगर
13	जिला कारागार, बाँदा	225	जिला कारागार, चित्रकूट
14	जिला कारागार, हमीरपुर	256	जिला कारागार, चित्रकूट
	कुल योग-	**3847**	

3- उल्लेखनीय है कि उक्त प्रकरण मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में योजित क्रिमिनल रिट जनहित याचिका संख्या-2357/1997 बच्चे लाल बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य में दिनांक 27-09-2022 एवं दिनांक 06-02-2023 को पारित आदेशों से आच्छादित है। अतः प्रकरण में यथावश्यक कार्यवाही शीघ्र सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,
सुरेश कुमार पाण्डेय
विशेष सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in